JAI MAA SARASWATI CLASSES RAISINGHNAGAR

Weekly GK Dose

1. भारतीय और रूसी सेना ने शुरू किया संयुक्त सैन्य अभ्यास

रूस के व्लादिवोस्तोक में भारत और रूस ने अपना आठवां संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इन्द्र-2016' शुरू किया। उसीरियस्क जिले में हो रहे आठवें सैन्य अभ्यास इन्द्र-2016 का मुख्य ध्यान संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत अर्ध-पहाड़ी क्षेत्रों तथा जंगल वाले क्षेत्रों में आतंकवाद-विरोधी अभियान पर रहेगा। संयुक्त अभियानों में बेहतर कार्यशीलता हासिल करने के लक्ष्य से दोनों पक्षों के सैनिक ऐसे अभियानों के लिए स्वयं को विशेष रूप से तैयार करेंगे। इस लक्ष्य के लिये 11 दिनों का लंबा विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। ब्रिगेडियर सुकत चादाह कुमाउं रेजिमेंट के 250 सैनिकों की भारतीय सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि रूसी सेना का प्रतिनिधित्व 59वीं मोटोराइज्ड इंफेंटरी ब्रिगेड के 250 सैनिक कर रहे हैं। भारत और रूस के बीच 2003 से शुरू महत्वपूर्ण द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में इन्द्र संयुक्त सैन्य अभ्यास भी शामिल है।

2. लोपमुद्रा राउत मिस यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2016 में सेकंड रनर-अप रही

भारत की लोपमुद्रा राउत एक्वाडोर में 25 सिंतबर 2016 को आयोजित हुए मिस यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2016 में सेकंड रनर-अप रही हैं। फिलीपींस की जेसलीन सैंटोस ने मिस यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2016 का टाइटल अपने नाम किया। चार महाद्वीपों अमेरिका, एशिया, यूरोप और अफ्रीका से 32 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।

3. भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट में 39 वें स्थान पर

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट (GCR) 2016-2017 जारी कर दी है। रिपोर्ट में 138 अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिस्पर्धा परिदृश्य का आकलन है। भारत GCI रिपोर्ट में 16 स्थानों की छलांग लगाते हुए 39 वें स्थान पर पहुंच गया है। 2014-15 की रिपोर्ट में 71 वीं रैंक की तुलना में 2015-16 GCI रिपोर्ट में भारत 55 वें स्थान पर था। रैंकिंग में शीर्ष 10 देश क्रमशः स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, जर्मनी, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम, जापान, हांगकांग (एसएआर), और फिनलैंड रहे।

4. पाकिस्तान के नेशनल असेंबली में पास हुआ 'हिंदू मैरिज बिल'

पाकिस्तान की संसद ने ऐतिहासिक हिंदू विवाह कानून को पारित कर दिया है। इस कानून के बन जाने के बाद देश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को अपने विवाह का पंजीकरण कराने का अधिकार होगा। पाकिस्तान के सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार वहां हिंदू महिलाओं को अपनी शादी को साबित करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं होता था जिसके कारण उन्हें अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और बलात्कार का शिकार होना पड़ता था। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 1. 6 फीसदी है लेकिन बंटवारे के बाद से अब तक वहां हिंदुओं की शादी रजिस्टर्ड नहीं होती थी।

5. विश्व पर्यटन दिवस: 27 सितम्बर

पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विश्व पर्यटन दिवस प्रतिवर्ष 27 सितम्बर को आयोजित किया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस का विषय 'सबके लिए पर्यटन : सार्वभौमिक पहुंच को प्रोत्साहन' था। विश्व पर्यटन दिवस समारोह संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा 1980 में शुरु किया गया। यह प्रत्येक वर्ष 27 सितम्बर को आयोजित किया जाता है। इसका लक्ष्य विश्व पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय समुदायों के साथ साथ सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक मूल्यों को वैश्विक स्तर पर कैसे प्रभावित करता है, के बारे में लोगों को जागरुक करना है।

6. भारत ने किया सार्क का बहिष्कार, भूटान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान भी साथ

19वें सार्क समिट में भारत के शिरकत नहीं करने की विदेश मंत्रालय की औपचारिक घोषणा के बाद बांग्लादेश, अफगानिस्तान और भूटान भी 9-10 नवंबर में होने वाली इस बैठक का बहिष्कार करने का फैसला कर चुके हैं। सार्क के संविधान के मुताबिक अगर कोई भी सदस्य देश सार्क सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेता तो सम्मेलन स्वत: ही या तो रद हो जाएगा या फिर उसकी तारीख आगे बढ़ा दी जाएगी।

सार्क की वर्तमान **अध्यक्षता नेपाल** के पास है।

7. विश्व रेबीज दिवस 28 सितम्बर

विश्व **रेबीज** दिवस **28 सितम्बर** को मनाया गया। इस वर्ष इसका विषय **“एजुकेट, वेक्सिनेट, एलिमिनेट" है।** यह रेबीज के प्रसार को नियंत्रित करने, रोकथाम और जागरूकता प्रसारित करने के प्रति समर्पित दिवस है।

8. विश्व समुद्री दिवस: 29 सितम्बर

नौका सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा व समुद्री वातावरण पर ध्यान केन्द्रित करने के लिये **विश्व समुद्री दिवस** प्रतिवर्ष **29 सितम्बर** को पूरे विश्व में मनाया जाता है। विश्व समुद्री दिवस 2016 का विषय है **:"नौका परिवहन: दुनिया के लिए अपरिहार्य"।** यह विषय नौपरिवहन और वैश्विक समाज के बीच महत्वपूर्ण कड़ी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चुना गया है और अंतर्राष्ट्रीय नौपरिवहन के लिए वैश्विक नियामक निकाय के रूप में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आइएमो) की भूमिका की प्रासंगिकता के प्रति जागरूकता लाना है।

9. WHO ने अमेरिका को खसरा मुक्त क्षेत्र घोषित किया

संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी **विश्व स्वास्थ्य संगठन** ने **अमेरिका** को **खसरा मुक्त क्षेत्र घोषित कर** दिया है। यह घोषणा पैन अमेरिका स्वास्थ्य संगठन/विश्व स्वास्थ्य संगठन (PAHO/WHO) के 55वीं डायरेक्टिंग काउंसिल में की गई है। इसके साथ ही अमेरिका, खसरे का सफाया करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। खसरा एक विषाणुजनित रोग है जो अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण है जिनमें निमोनिया, अंधता, मस्तिष्क में सूजन और यहाँ तक की मौत भी शामिल है।

10. क्यूबा और रूस ने शांतिपूर्ण परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किये

रूसी राज्य परमाणु एजेंसी, **रोसातम** और विज्ञान के **क्यूबा** के मंत्रालय ने 27 सितंबर 2016 को **शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के उपयोग** के क्षेत्र में सहयोग के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर **वियना** में **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के आम सम्मेलन** के मौके पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता रूस व क्यूबा के बीच शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के उपयोग के विभिन्न क्षेत्रों व परमाणु विशेषज्ञों को प्रशिक्षण देने के लिए आधार तैयार करेगा।

11. जीएसटी: 20 लाख तक का कारोबार करने वाली इकाइयों को छूट

जीएसटी के लिये सालाना कारोबार छूट सीमा 20 लाख रुपये होगी जबकि पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी राज्यों में यह 10 लाख रुपये होगी। वित्त मंत्री अरुण जेटली की अध्यक्षता में परिषद की बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि 1.5 करोड़ रुपये से कम के सालाना कारोबार वाले करदाता राज्य के दायरे में आएंगे। जिनका कारोबार 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है, दोहरे नियंत्रण से बचने के लिये उनसे केंद्र या राज्य के अधिकारी में से कोई एक पूछताछ करेगा। हालांकि, 11 लाख सेवा करदाता जिनका आकलन फिलहाल केंद्र करता है, वे उनके साथ बने रहेंगे।

12. ताजमहल से बच्चों में कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान की शुरुआत

भारत में पहली बार ताजमहल में किसी खास मकसद से चाइल्डहुड कैंसर पर ताज गोज गोल्ड महोत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया है। करीब 1500 बच्चे इसमे भाग लेंगे। कैन किड्स…किड्सकैन की यह प्रदर्शनी गो गोल्ड इंडिया-ताज गोज गोल्ड और यूपी गोज गोल्ड कैंपेन का भाग है, जो कैंसर सर्वाइवर्स (अब स्वस्थ हो चुके, पहले कैंसर से पीड़ित) बच्चों के नेतृत्व में चलाया जाने वाला जन जागरूकता अभियान है। सीएम अखिलेश ने भी इस अभियान को अपना समर्थन दिया है।

13. सार्क देशों के बीच आतंकवाद रोधी तंत्र को मजबूत करने पर बैठक दिल्ली में सम्पन्न

सार्क देशों के विशेषज्ञों के उच्च स्तरीय समूह की दूसरी बैठक नई दिल्ली में हुई। दो दिवसीय इस बैठक का उद्देश्य आतंकवाद रोधी तंत्र को मजबूत करना था। सभी आठ सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के सदस्य देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने सम्मेलन में भाग लिया। सार्क सदस्यों में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं।

14. राजस्थान ने स्ट्रीट लाइट के स्थान पर लगाई 5 लाख एलईडी लाईट

भारत सरकार के स्ट्रीट लाइटिंग नैशनल प्रोग्राम (एसएलएनपी) को अपने सभी शहरी लोक निकायों (यूएलबी) में अपनाने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है। पूरे राज्य में करीब पांच लाख पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों की जगह एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं। इस पूरी स्ट्रीट लाइट परियोजना के लिए वित्तीय मदद एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लि. (ईईएसएल) ने दी है। ईईएसएल, भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के तहत आने वाली पब्लिक एनर्जी सर्विस कंपनी है।

15. शीर्ष 100 मास्टरकार्ड वैश्विक स्थलों शहर सूचकांक में पांच भारतीय शहर शामिल

मुंबई, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता और पुणे, छठे वार्षिक मास्टरकार्ड ग्लोबल डेस्टिनेशन सिटीज इंडेक्स में शीर्ष 100 शहरों की सूची में आने वाले भारतीय शहर है। अध्ययन आईएटीए, राष्ट्रीय पर्यटन बोर्डों, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य संगठन के आंकड़ों पर आधारित है। इसमें बैंकोक सबसे डेस्टिनेशन सिटी के तौर पर उभर कर सामने आया है।

16. PSLV ने आठ उपग्रहों को लेकर भरी ऐतिहासिक उड़ान

भारत के **37वें प्रक्षेपण यान** PSLV ने **श्रीहरिकोटा** से मौसम उपग्रह स्कैटसैट-1 और पांच अन्य देशों के उपग्रह सहित कुल आठ अलग-अलग उपग्रहों को लेकर सफलता से उड़ान भरी। पीएसएलवी के साथ भेजे जाने वाले तीन उपग्रह भारतीय तथा पांच विदेशी उपग्रहों में अल्जीरिया के तीन उपग्रह हैं। इसमें एक कनाडा का और अमेरिका का एक उपग्रह शामिल हैं। SCATSAT अंतरिक्ष में रहकर धरती पर वैज्ञानिकों को महासागर एवं **मौसम संबंधी** अनुसंधान में मदद करेगा और इससे मौसम, **सूनामी और भूकंप जैसी आपदाओं की भविष्यवाणी** करने में मदद मिलेगी।

17. मथुरा में "पंडित दीन दयाल उपाध्याय कृषि उन्नति मेले'' का उद्घाटन

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री राधा मोहन सिंह ने **मथुरा** में चार दिवसीय **पंडित दीन दयाल उपाध्याय कृषि उन्नति मेला** -2016 का उद्घाटन किया। कृषि मंत्री ने मथुरा में प्रथम गोकुल ग्राम परियोजना की आधारशिला भी रखी। **केंद्रीय कृषि मंत्री ने पंडित दीनदलाय उपाध्याय की जन्मस्थली मथुरा में 22 किसानों को अंत्योदय कृषि पुरस्कार दिया।**

18. 2019 तक हर घर में शौचालय का लक्ष्य: तोमर

पेयजल मंत्री नरेन्द्र तोमर ने बताया कि वे **सन 2019 तक** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत **हर घर में शौचालय** का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि अब तक **23 जिले** पूरी तरह खुले में शौच मुक्त हो चुके हैं। **85 हज़ार गांवों** के हर घर में पक्के शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है। **स्वच्छ भारत सप्ताह 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर** तक मनाया जा रहा है।

19. जीएसटी के लिए 2,256 करोड़ रुपये की 'सक्षम' परियोजना मंजूर

सरकार ने केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) की **सक्षम परियोजना** को मंजूरी दे दी है। इसके जरिए देशभर में **अप्रत्यक्ष कर प्रणाली** के लिए एक नया नेटवर्क तैयार किया जाना है। परियोजना की कुल लागत **2,256** करोड़ रुपये होगी जो सात साल में खर्च की जाएगी। इस परियोजना से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने में भी सहायता मिलेगी। कस्टम विभाग के सिंगल विंडो इंटरफेस फोर फेसिलिटेटिंग ट्रेड (स्विफ्ट) का दायरा बढ़ाने में भी इस परियोजना से मदद मिलेगी। इसके अलावा डिजिटल इंडिया के तहत उठाए गए कदमों और ईज आफ डूइंग बिजनेस के प्रयासों को भी बढ़ावा मिलेगा। परियोजना के जरिए सीबीईसी के आईटी ढांचे को एक अप्रैल, 2017 से पहले जीएसटी के लिए तैयार रखने का लक्ष्य है। जीएसटी के लागू होने के बाद सीबीईसी के तहत विभिन्न अप्रत्यक्ष कानूनों में सभी करदाताओं-आयातकों-निर्यातकों-डीलरों की संख्या बढ़कर 65 लाख हो जाएगी, जो फिलहाल 36 लाख है।

20. तेलंगाना सरकार ने इसरो के साथ समझौता किया

तेलंगाना सरकार ने राज्य में **'मना टीवी'** पर प्रसारित सामग्री की गुणवत्ता में और अधिक सुधार लाने के लक्ष्य से **इसरो** के साथ समझौता किया है। इस समझौते से राज्य में मुक्त शिक्षा या दूरस्थ शिक्षा वाले विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। बैंडविड्थ का उपयोग छत्रों, किसानों,महिलाओं व नगर प्रशासन के लिये कार्यक्रम प्रसारित करने हेतु किया जायेगा।

21. नई दिल्ली में ब्रिक्स देशों की श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक संपन्न

27-28 सितंबर, 2016 के मध्य '**ब्रिक्स देशों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों का सम्मेलन नई दिल्ली** में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में सभी ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया और सामूहिक रूप से सामना करने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। इस बैठक में रोजगार सृजन, सतत विकास, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्यों जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

22. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रीनगर में लांच

जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री **महबूबा मुफ्ती** ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए **प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) श्रीनगर** में शुरू की। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, 'गरीबी रेखा से नीचे' (बीपीएल) परिवारों की महिलाओं को स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध कराने के लिए एक योजना है जो **1 मई 2016** को प्रधानमंत्री द्वारा **बलिया (उत्तर प्रदेश)** में शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य 2019 तक **5 करोड़ परिवारों को** एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है।

23. ऐपल ने हैदराबाद की कंपनी टपलजंप को खरीदा

अंतर्राष्ट्रीय कंपनी ऐपल ने हैदराबाद के एक स्टार्टअप को कुछ महीने पहले बहुत ही गुप्त तरीके से खरीद लिया है। ऐपल ने इस बात का भी खुलासा नहीं किया है कि उसने भारत के 'टपलजंप' को कितने में खरीदा है। टपलजंप में काम करने वाले सभी 16 एंपलॉयी अब ऐपल के स्टाफ में शामिल हो जाएंगे। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह डील करीब 20 मिलियन डॉलर यानी 27 करोड़ रुपए के आसपास की हुई होगी।

24. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हिंदुस्तान डायमंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को बंद करने की मंजूरी दे दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 21 सितम्बर 2016 को संयुक्त उपक्रम कंपनी हिन्दुस्तान डायमंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को बंद करने को मंजूरी दे दी। इस कंपनी में भारत सरकार और दक्षिण अफ्रीका की डि बियर्स सेंटेनरी मॉरीशस लिमिटेड की 50 - 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। हिन्दुस्तान डायमण्ड कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 1978 में की गई थी। इसका उद्देश्य भारतीय कंपनियों को कच्चे हीरों की आपूर्ति करना था।

25. धामरा प्रोजेक्ट में 50 फीसदी हिस्सेदारी लेंगी आईओसी व गेल

देश की सबसे बड़ी ऑयल मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन तथा सबसे बड़ी गैस मार्केटिंग कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अदानी समूह की धमरा एलएनजी टर्मिनल के साथ हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक करार किया। इस समझौते पर पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों सरकारी कंपनियाँ आईओसीएल तथा गेल ओडिशा के धमरा पोर्ट पर बन रहे पाँच एमएमटीपीए क्षमता वाले एलएनजी आवक, भंडारन एवं रीगैसीफिकेशन टर्मिनल में हिस्सेदारी खरीदेंगी। आईओसी धामरा एनएनजी टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड में 39 फीसदी हिस्सेदारी लेगी जबकि, गेल 11 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। शेष करीब 50 फीसदी हिस्सेदारी अडानी समूह के पास ही रहेगी। आगे चलकर कंपनी तथा अडानी समूह अपनी 1-1 फीसदी हिस्सेदारी विश्वसनीय वित्तीय संस्थानों को बेचेंगे। इसके बाद उनके पास टर्मिनल में 2 फीसदी हिस्सेदारी हो जाएगी।

26. विप्रो कन्जयूमर केयर ने चीनी एफएमसीजी कंपनी का अधिग्रहण किया

विप्रो कन्जयूमर केयर ऐंड लाइटिंग (डब्ल्यूसीसीएल) ने चीन की एफएमसीजी ब्रैंड झोंगशान मा ईआर डेली प्रॉडक्ट्स को पूरी नकद कीमत चुकाकर खरीद लिया है। हालांकि, विप्रो ने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया कि यह डील कितने में हुई। चीन की कंपनी पर्सनल केयर के इनईयर, जिसी और वनिक और फैब्रिक केयर के क्षेत्र में पहनली और सन्यू ब्रांड के तहत कारोबार करती है।

27. आंध्रा बैंक का सिगना टीटीके, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस से गठजोड़

आंध्रा बैंक ने अपने ग्राहकों को स्वास्थ्य एवं साधारण बीमा उपलब्ध कराने के लिए सिगना टीटीके कंपनी लि. तथा रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. के साथ गठजोड़ किया है। इस मौके पर आंध्रा बैंक के कार्यकारी निदेशक एस के कालरा, सिगना टीटीके हेल्थ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संदीप पटेल तथा रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के राकेश जैन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

28. सरकार ने नई CPSE ETF का प्रबंधन के लिए ICICI प्रूडेंशियल AMC की नियुक्ति की

डिपार्टमेंट ऑफ़ इन्वेस्टमेंट और मैनेजमेंट, वित्त मंत्रालय ने एक नयें एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के निर्माण और शुभारंभ के लिए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के रूप में नियुक्त किया है। नई ईटीएफ में सूचिबद्ध सीपीएसई व अन्य कॉर्पोरेट्स के शेयर होंगे। ICICI प्रूडेंशियल एएमसी भारत की अग्रणी एसेट प्रबंधक है।

29. चंडीगढ़ प्रशासन, फ्रांसीसी विकास एजेंसी के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

चंडीगढ़ प्रशासन और फ्रांसीसी विकास एजेंसी (AFD) ने चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी परियोजना और संवहनीय शहरी गतिशीलता के क्षेत्र में 'तकनीकी सहयोग' के एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये है। समझौता ज्ञापन पर के के जिंदल, सचिव परिवहन, चंडीगढ़ प्रशासन और भारतीय दूतावास में मंत्री काउंसलर फ्रांस के जीन मार्क और फ्रांसीसी विकास एजेंसी के निदेशक निकोलस फॉर्नेज द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

30. सरकार ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सीएमडी सुशील मुहनोत को हटाया

सरकार ने एक अप्रत्याशित निर्णय के तहत **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक **सीएमडी सुशील मुहनोत** को उनकी सेवानिवृत्ति से चार दिन पहले हटा दिया। मुहनोत 30 सितंबर को सेवानिवृत्ति होने वाले थे। सरकार ने बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक **आर पी मराठे** को तत्काल प्रभाव से बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सीईओ नियुक्त किया है।

31. गूगल ने स्मार्ट मैसेजिंग मोबाइल एप्प एलो का शुभारंभ किया

गूगल ने अपने बहुप्रतीक्षित स्मार्ट मैसेजिंग मोबाइल एप्प 'एलो' का शुभारंभ किया। एलो को गूगल असिस्टेंट लैस किया गया है। इससे उपयोगकर्ता ऑनलाइन चैट कर सकते हैं। यह एप्प एंड्रॉइड तथा आईफोन के लिये उपलब्ध अन्य एप्स के तरह का ही एक अन्य एप्प है।

32. मधुसूदन साहू दीवाला बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त

मधुसूदन साहू को भारतीय शोधन अक्षमता व दीवाला बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साहू इस समय भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सदस्य हैं। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पांच साल के लिए साहू की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

33. इनाडू के वेंकट बने एबीसी के अध्यक्ष

तेलुगु समाचार दैनिक इनाडू के निदेशक आई. वेंकट को निर्विरोध रूप से 2016-17 के लिए ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशंस (एबीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वेंकट मीडिया रिसर्च यूजर्स काउंसिल (एमआरयूसी) और इंडियन ब्रॉडकास्टिंग फाउंडेशन (आईबीएफ) के संस्थापक सदस्यों में एक हैं। कोका कोला इंडिया प्रा. लि. के वाइस प्रेसीडेंट (मार्केटिंग एंड कमर्शियल) देबब्रत मुखर्जी एबीसी के उपाध्यक्ष बने हैं।

34. अरुण गोयल जीएसटी परिषद के अतिरिक्त सचिव नियुक्त

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अरुण गोयल को गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) परिषद में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है। वित्त मंत्री अरुण जेटली इस परिषद के अध्यक्ष हैं। परिषद ही जीएसटी की दर तय करेगी और जीएसटी से छूट प्राप्त वस्तुओं के बारे में भी फैसला जीएसटी परिषद ही करेगी। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने जीएसटी परिषद में अतिरिक्त सचिव के पद पर गोयल की नियुक्ति को मंजूरी दी है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक आदेश में इस बात की जानकारी दी गई। गोयल 1985 बैच के संघ शासित प्रदेश काडर के आईएएस अधिकारी हैं। वर्तमान में वह मंत्रिमंडल सचिवालय में परियोजना निगरानी समूह में अतिरिक्त सचिव के तौर पर काम कर रहे हैं।

35. इंडियन ऑयल के चेयरमैन बने संजीव सिंह

देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नए चेयरमैन संजीव सिंह होंगे। लोक उपक्रम चयन बोर्ड पीईएसबी द्वारा जारी एक सूचना में कहा गया है कि आठ लोगों का साक्षात्कार करने के बाद 56 वर्षीय सिंह को इस पद के लिए चुना गया है। अभी वह इंडियन ऑयल में रिफाइनरियों के निदेशक पद पर कार्यरत हैं। वह बी अशोक का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल मई 2017 में ख्त्म हो रहा है।

36. भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष बने अजय सिंह

स्पाइसजेट एयरलाइन्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक **अजय सिंह** को **भारतीय मुक्केबाजी महासंघ** (बीएफआई) का **अध्यक्ष** चुना गया है। महाराष्ट्र के **जय कोवली** मुक्केबाज़ी संघ के नए **सेक्रेट्री जनरल** और असम के **हेमंत कुमार कलिता** निर्विरोध **कोषाध्यक्ष** चुने गए हैं। स्पाइसजेट एयरलाइन्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह को 49 मत मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी दिल्ली के रोहित जैनेंद्र जैन को केवल 15 मत ही हासिल हुए। मतदान अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज संघ (एआईबीए) और खेल मंत्रालय के पर्यवेक्षकों की देखरेख में हुए।

37. अनुराग श्रीवास्तव, जिबूती गणराज्य में भारत के राजदूत नियुक्त

वर्तमान मेंक इथियोपिया संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य के अधिकृत राजनयिक अनुराग श्रीवास्तव को साथ ही साथ जिबूती गणराज्य में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। उनका निवास स्थान एडिस अबाबा में होगा। जिबूती गणराज्य अफ्रीका में स्थित है। इसकी राजधानी जिबूती सिटी तथा मुद्रा फ्रेंक है।

38. विजय केलकर भारतीय सांख्यकी संस्थान के प्रमुख नियुक्त

पूर्व पेट्रोलियम सचिव विजय केलकर का निर्वाचन, प्रतिष्ठित भारतीय सांख्यकी संस्थान (ISI) के प्रेसिडेंट के रूप में हुआ है। विजय केलकर ने आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन के स्थान पर यह पद ग्रहण किया है। संस्थान की जनरल बॉडी मीटिंग में उनका चुनाव हुआ जो भारत सरकार के सांख्यकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

39. यशवर्द्धन सिन्हा ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी यशवर्द्धन कुमार सिन्हा को मंगलवार को ब्रिटेन में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया जो नवतेज सरना का स्थान लेंगे। सिन्हा 1981 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी है और अभी श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त हैं। सरना को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है।

40. बजट विलय की समीक्षा के लिए मोइली की अध्यक्षता में संसदीय समिति गठित

कांग्रेस सांसद एम वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में, सभी बजटीय सुधारों की समीक्षा के लिए एक संसदीय समिति गठित की गई है। बजट के अलावा यह समिति, विनिवेश नीति की समीक्षा, भारत में बैंकिंग क्षेत्र, आरबीआई की उभरती भूमिका और उसका ढांचा आदि पर भी अध्ययन और समीक्षा करेगी।

41. ओबामा ने क्यूबा के लिए राजदूत मनोनित किया

अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने **पचास साल** के बाद **क्यूबा** में पहला अमेरिकी राजदूत मनोनित किया है। ओबामा ने 2014 से हवाना में कार्यरत सबसे वरिष्ठ अधिकारी **जेफरे डी लॉरेंटिस** को राजदूत मनोनित किया है। डेलॉरेन्टिस पहले से ही हवाना में हैं और तथा हवाना में स्थित दूतावास में कार्यरत हैं।

42. ओ पी सिंह सीआईएसएफ के नये महानिदेशक बने

ओ पी सिंह को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल **(सीआईएसएफ) का महानिदेशक** नियुक्त किया गया है।
1983 बैच के यूपी काडर के आईपीएस अधिकारी ओपी सिंह सीआईएसएफ महानिदेशक बनने से पूर्व एनडीआरएफ में बतौर महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। उनका कार्यकाल जनवरी 2020 तक रहेगा।

43. आर सुब्रमण्य कुमार इंडियन ओवरसीज बैंक के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

केंद्र सरकार ने 29 सितंबर 2016 को राज्य के स्वामित्व वाली **इंडियन ओवरसीज बैंक** के **कार्यकारी निदेशक (ईडी)** के रूप में आर **सुब्रमण्य कुमार** को नियुक्त किया है। कुमार वर्तमान में इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवारत है। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) **चेन्नई** में स्थित प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है।

44. राईट लाइवलीहुड अवार्ड्स-2016 की घोषणा की गयी

वर्ष 2016 के राईट लाइवलीहुड अवार्ड्स की स्वीडन स्थित स्टॉकहोम में घोषणा की गयी।
इस वर्ष के लिए यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेता हैं:

* सीरिया सिविल डिफेन्स (द व्हाइट हेल्मेट्स)
* मिस्र के मोज़न हसन एवं नज़रा (नारीवादी अध्ययन के लिए)
* रूस की स्वेतलाना गनुश्किना
* तुर्की का समाचार-पत्र कमहुरियत

यह एक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है जिसे विश्व की गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए प्रस्तुत किये गये समाधानों एवं उन्हें हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए जाने के कारण दिया जाता है। इन्हें वैकल्पिक नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है।

45. भारत की तरफ से तमिल फिल्म 'विसरनाई' को मिली ऑस्कर में एंट्री

भारत की ओर से आधिकारिक एंट्री के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड्स 2017 में फॉरेन लैंग्वेज फिल्म कैटेगरी में तमिल फिल्म 'विसरनाई' को भेजा जा रहा है। विसरनाई के निर्देशक वेत्रीमारन और प्रोड्यूसर धनुष हैं। फिल्म प्रवासी कामगारों पर पुलिस की निर्दयता पर आधारित है। विसरनाई (पूछताछ) फिल्म का अधिकांश हिस्सा कोयम्बटूर के ऑटो ड्राइवर एम. चंद्रकुमार के नॉवेल 'लॉक अप' पर आधारित है।

46. पहला जेसी ओवेंस अवार्ड मरणोपरांत मुहम्मद अली को

पहली बार आयोजित किये जाने वाले ओवेंस अवार्ड 2016 ओलिंपिक विजेता मोहम्मद अली को मरणोपरांत दिया जायेगा। यह पुरस्कार ओवेंस, जो कि 1936 ओलिंपिक, बर्लिन में स्वर्ण पदक विजेता थे, की 80वीं वर्षगाठ पर आयोजित किया गया। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जायेगा जो समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है। यह पुरस्कार ओवेंस के प्रपोत्र मार्लिन डोत्र्च द्वारा प्रदान किया जायेगा।

47. मशहूर वायलिन वादक उत्तम सिंह 'लता मंगेशकर पुरस्कार' के लिए चुने गए

लता मंगेशकर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिये इस साल मशहूर संगीतकार और वायलिन वादक **उत्तम सिंह** को **महाराष्ट्र सरकार** की ओर से नामित किया गया है। पुरस्कार स्वरूप एक प्रशस्ति पत्र, एक ट्राफी और **500,000** रुपये नकद प्रदान किये जाते है। महाराष्ट्र सरकार भारत रत्न लता मंगेशकर के सम्मान में साल 1992 से हर साल संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले को यह पुरस्कार प्रदान करती है।

48. प्रोफेसर कलाकलुरी इनोक को 29वां मूर्तिदेवी सम्मान

नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रोफेसर **कलाकलुरी इनोक** को 29 सितम्बर को उनके उपन्यास **अनंत जीवनम** के लिए **भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा 2015** के लिये **29वां मूर्तिदेवी** सम्मान प्रदान किया गया। अनंत जीवनम एक तेलुगू उपन्यास है, जिसमें विनाशकारी चक्रवात के बाद रायलसीमा इलाके में आम व्यक्ति द्वारा क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को बचाने के लिए किये जाने वाले प्रयास का मार्मिक चित्रण किया गया है। पहली बार एक तेलुगू लेखक को यह पुरस्कार दिया गया है। अंग्रेजी व अन्य भारतीय भाषाओं के लिये दिये जाने वाले इस इस सम्मान के तहत सरस्वती की एक मूर्ति, एक प्रशस्ति पत्र और चार लाख रूपये नकद दिये जाते हैं।

49. तिरुपति हवाई अड्डे को "सर्वश्रेष्ठ पर्यटक अनुकूल हवाई अड्डे" का पुरस्कार

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के **तिरूपति हवाईअड्डे** को **आंध्र प्रदेश पर्यटन** द्वारा "राज्य की वार्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार 2015-16" की श्रेणी में "**सर्वश्रेष्ठ पर्यटक अनुकूल हवाई अड्डे**" का पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार विश्व पर्यटन दिवस की पूर्व संध्या पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नारा चंद्रा बाबू नायडू द्वारा विजयवाड़ा के भवानी द्वीप में आयोजित एक समारोह में दिया गया। राज्य वार्षिक पर्यटन उत्कृष्टता पुरस्कार यात्रा और पर्यटन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आंध्र प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटकों और यात्रियों

के साथ उत्कृष्ट मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखने के लिए विश्व पर्यटन दिवस समारोह के अवसर पर दिया जाता है।

50. सानिया-बारबोरा की जोड़ी बनी पैन पैसिफिक चैंपियन

भारत की सानिया मिर्जा और चेक गणराज्य की बारबोरा स्ट्राइकोवा ने चीन की चेन लियांग और झाओयुआन यांग की जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-1 से हराकर पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला डबल्स खिताब अपने नाम कर लिया। नयी जोड़ी बनाने वाली सानिया का चेक खिलाड़ी बारबोरा के साथ यह तीसरा खिताब है। भारतीय-चेक जोड़ी ने इससे पहले गत माह सिनसिनाटी ओपन में मार्टिना हिंगिस और कोको वैंडेवेगे को हराया था। सानिया की टोक्यो में यह तीसरी खिताबी जीत है, जबकि यह दुनिया की मौजूदा नंबर एक महिला डबल्स खिलाड़ी का कुल 40वां डबल्स खिताब है। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले पैन पैसेफिक में कारा ब्लैक के साथ 2 बार खिताब जीता था।

51. ज्वेरेव ने संट पीट्सबर्ग ओपन खिताब जीता

जर्मनी के युवा टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए यूएस ओपन चैंपियन स्विट्जरलैंड के स्टेनिसलास वावरिंका को हराकर सेंट पीट्सबर्ग ओपन जीतने के साथ ही अपना पहला एटीपी खिताब जीत लिया। 19 वर्षीय ज्वेरेव ने अपने से कहीं ज्यादा अनुभवी 31 वर्षीय वावरिंका को तीन सेटों तक चले खिताबी मुकाबले में 6-2, 3-6, 7-5 से पराजित किया।

52. जापान करेगा 2026 एशियाई खेलों की मेजबानी

जापान के एइची प्रीफेक्चर और उसकी राजधानी नगोया को 2026 एशियाई खेलों की मेजबानी सौंपी गई है जो देश के व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय खेल कैलेंडर में एक और बड़ी प्रतियोगिता होगी। एइची प्रीफेक्चर के गवर्नर हिदेकी ओहुमरा और नगोया शहर के मेयर तकाशी कावामुरा में पांचवें एशियाई बीच खेलों की मेजबानी कर रहे दनांग में ओसीए आम सभा की बैठक के दौरान संयुक्त दावेदारी के बाद एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने उन्हें मेजबानी सौंपने की आधिकारिक पुष्टि की। चार साल में एक बार आयोजित होने वाले एशियाई खेल 2018 में जकार्ता व पालमबैंग में तथा 2022 में चीन के हैंगझाउ में होंगे।

53. टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने रविचंद्रन अश्विन

अश्विन ने अपने **37वें टेस्ट** मैच में **200 विकेट** पूरे कर लिए। रविचंद्रन वर्ल्ड क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले **दूसरे खिलाड़ी** बन गए हैं और **भारतीय गेंदबाजों की सूची** में वह इस मामले में **पहले स्थान** पर हैं। इस टेस्ट में न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में कीवी कप्तान केन विलियमसन के तौर पर अपने तीसरे विकेट के साथ ही अश्विन ने यह मुकाम हासिल कर लिया। यह भारतीय स्पिनर सिर्फ **ऑस्ट्रेलिया** के महान लेग स्पिनर **क्लेरी ग्रिमेट** से पीछे है, जिन्होंने अपने **36वें टेस्ट में ही 200** विकेट पूरे कर लिए थे। अश्विन के पीछे नाम आता है ऑस्ट्रेलियन पेसर डेनिस लिली और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वकार यूनिस का, दोनों ही ने अपने 38वें टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे।

54. वेलावन ने एशिया जूनियर व्यक्तिगत स्क्वैश ख़िताब जीता

भारत के वेलावन सेंथिलकुमार ने अंडर-19 एशियन जूनियर व्यक्तिगत स्क्वैश ख़िताब जीता। कुआलालंपुर में खेले गये फाइनल मैच में उन्होंने जॉर्डन के मोहम्मद अल-सराज को हराया। इस ख़िताब को जीतने वाले वह भारत के दूसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले वर्ष 2010 में रवि दीक्षित ने यह ख़िताब जीता था। इसके अलावा तुषार साहनी ने अंडर 17 में रजत तथा यश फडते ने अंडर 15 में कांस्य जीता।

55. साथियान गनानशेखरन ने बेल्जियम ओपन का खिताब जीता

साथियान गनानशेखरन ने बेल्जियम ओपन पुरूष एकल का खिताब जीता। बेल्जियम ओपन का पुरूष एकल खिताब जीतकर वह आईटीटीएफ प्रतियोगिता जीतने वाले दूसरे भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बने। साथियान ने बेल्जियम के डि हान में स्थानीय खिलाड़ी नुईतिंक सेड्रिक को फाइनल में हराकर अपना पहला खिताब जीता। अचंता शरत कमल 2012 में आईटीटीएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे।

56. भारतीय महिला कबड्डी टीम ने एशियाई खेलों में जीता रिकॉर्ड पांचवीं बार स्वर्ण

भारत की महिला बीच **कबड्डी** टीम ने **वियतनाम** में **पांचवें एशियाई बीच खेलों** में लगातार पांचवीं बार खिताब जीता जो मौजूदा खेलों में देश का पहला स्वर्ण पदक है। टीम ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए **थाईलैंड** को मात दी है। भारतीय टीम ने थाईलैंड को 41-31 से हराया। भारत ने अब तक एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक के साथ कुल छह पदक जीते हैं।

57. मशहूर नाटककार रेवती शरण शर्मा का निधन

हिन्दी और उर्दू के प्रसिद्ध नाटककार रेवती शरण शर्मा का निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। उन्हें नाट्य लेखन के लिए 2007 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी मिला था। उन्हें गालिब सम्मान तथा साहित्य कला परिषद् के पुरस्कार से भी नवाजा गया था।

58. महान गोल्फ खिलाड़ी अर्नाल्ड पामर का निधन

महान गोल्फ खिलाड़ी अर्नाल्ड पामर का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इस बात की जानकारी अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन ने दी है। गोल्फ एसोसिएशन ने ट्वीट कर अर्नाल्ड की मौत पर दुख जताते हुए लिखा कि,'गोल्फ के महान एंबेसडर का 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। अर्नाल्ड पामर ने अपने शानदार करियर के दौरान कुल 90 टूर्नामेंट, जिनमें सात मेजर टूर्नामेंट है, पर कब्जा किया।

59. एफसीएटी के अध्यक्ष महाजन का निधन

दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायधीश तथा फिल्म प्रमाणन अपीलीय न्यायाधिकरण(एफसीएटी) के अध्यक्ष एस के महाजन का निधन हो गया। उनका लोधी रोड स्थित श्मशान, जहां सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री राज्यवर्धन राठौर सहित गणमान्य व्यक्ति व कई कानूनी दिग्गज मौजूद थे, में अंतिम संस्कार किया गया।

60. इजरायल के पूर्व राष्ट्रपति शिमोन पेरेस का निधन

इजरायल के पूर्व राष्ट्रपति शिमोन पेरेस का निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। पेरेस दो बार देश के प्रधानमंत्री और 2007 से 2014 तक औपचारिक भूमिका में राष्ट्रपति रहे। ओस्लो समझौते में अपनी भूमिका के लिए 1994 में उन्होनें नोबेल शांति पुरस्कार जीता।

61. पूर्व ऑस्ट्रलियन क्रिकेटर मैक्स वॉकर का निधन

पूर्व **ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर मैक्स वॉकर** का ऑस्ट्रेलिया स्थित मेलबर्न में निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। वॉकर अपने बॉलिंग एक्शन के कारण प्रसिद्ध थे जिसके चलते उन्हें **टैंगल्स** के नाम से भी जाना जाता है। वॉकर ने 1972-77 में 34 टेस्ट खेले जिनमें उन्होनें 27.47 के औसत से 138 विकेट लिये थे।

62. बांग्ला लेखक सैयद शम्सुल हक का निधन

बांग्लादेश के सर्वश्रेष्ठ लेखकों में से एक **सैयद शम्सुल हक** का ढाका, बांग्लादेश में 27 सितंबर 2016 को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे और फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित थे। हक का साहित्यिक जीवन और कैरियर अनेक शैलियों में फैला हुआ था और उन्हें उपन्यास, कविता, निबंध और नाटकों में बराबर महारत के लिए जाना जाता था। उनका जन्म ब्रिटिश भारत की बंगाल प्रेसीडेंसी में कुरीग्राम में 27 दिसंबर 1935 को हुआ था।

☆NOW DOWNLOAD "JMS CLASSES LITE" MOBILE APP☆

IT is the new version of our regular mobile app JMSCLASSES

1》 go to android play store of your mobile

2》 search for JMS CLASSES

3》 you will find there two results for jmsclasses, named "JMSCLASSES" & "JMSCLASSES LITE"

4》 Remember you have to download "JMSCLASSES LITE"

5》 Download and use it & if you like it then share it to others

↓↓↓↓↓↓↓↓↓↓↓

By using this new version you find quick process in this app

↑↑↑↑↑↑↑↑↑↑↑